त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में झण्डा फहराया

शाम को राजभवन में स्वल्पाहार समारोह का आयोजन

लखनऊः 15 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने 70वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में झण्डा रोहण किया तथा पुलिस गार्ड की सलामी ली। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती कुन्दा नाईक, परिजन व राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

राजभवन में झण्डा रोहण के बाद राज्यपाल ने सभी शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विचार करने की आवश्यकता है कि पिछले एक साल में हमने क्या खोया और क्या पाया। स्थिति का आकलन कर नये संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का प्रयास करें।

श्री नाईक द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में शाम को आयोजित स्वल्पाहार कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, मंत्री श्री अहमद हसन, मंत्री मंत्री रविदास मेहरोत्रा, मंत्री अभिषेक मिश्रा, अन्य मंत्रीगण, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुलायम सिंह यादव, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, राज्यसभा सदस्य श्री अमर सिंह, पूर्व राज्यपाल डॉ0 अजीज कुरैशी, श्री लालजी टण्डन, श्री अम्मार रिज़वी, सुश्री स्वरूप कुमारी बक्शी, पूर्व लोकायुक्त श्री एन0के0 मेहरोत्रा, न्यायमूर्तिगण, विधायकगण, स्वतंत्रता सेनानीगण, गणमान्य नागरिक, मुख्य सचिव श्री दीपक सिंघल, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण, कई विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्रमुख संस्थानों के निदेशक, विभिन्न धर्मो के धर्मगुरू भी शामिल हुए।

समारोह में राज्यपाल ने विशेष रूप से कुष्ठ आश्रम के सदस्यों सहित दिव्यांग दम्पति डॉ0 धीरज कुमार गुप्ता एवं श्रीमती नीना शर्मा गुप्ता को भी आमंत्रित किया था। दोनो पति-पत्नी अत्यधिक शिक्षित हैं तथा वेब डिजाइनिंग, वेब प्रोग्रामिंग आदि में माहिर हैं। श्रीमती मीना शर्मा ने एम0बी0ए0 (एच0आर0) किया है। इनकी शादी मार्च 2016 में सम्पन्न हुई थी, जिसमें राज्यपाल स्वयं सम्मिलित हुए थे। उल्लेखनीय है कि डॉ0 धीरज कुमार गुप्ता न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) श्री कमलेश्वर नाथ के नाती है।

अंजुम/ललित/राजभवन (289/19)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित स्वल्पाहार में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित डॉ0 धीरज कुमार गुप्ता, उनकी पत्नी श्रीमती नीना शर्मा गुप्ता और उनके परिजनों के साथ राज्यपाल श्री राम नाईक, उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक व परिजन